**दिनांक : 17.08.2025** **समय : 07:10AM**

**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत है प्रादेशिक समाचार**

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने कहा कि सरकार देशभर में कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए प्रति संकल्पित
- स्कूलों में कल से बच्चों के आधार कार्ड बनाने का अभियान
- प्रदेश में देर रात तक रही जन्माष्टमी पर्व की धूम
- चीन में एशियन केनो स्लालम चैम्पियनशिप में प्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने रजत पदक अर्जित किया

---------------------------------------------

**प्रधानमंत्री - परियोजनाएँ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में लगभग 11 हज़ार करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इनमें द्वारका एक्सप्रेसवे का दिल्ली खंड और शहरी विस्तार मार्ग - यू.ई.आर का दूसरा खंड शामिल हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार दिल्ली में बुनियादी ढाँचे का विकास कर नागरिकों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने के प्रति संकल्पित है। उन्होंने कहा कि देशभर में हम कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ आवागमन की सुविधाएं बढ़ाने में निरंतर जुटे हुए हैं। दो प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा। इससे दिल्ली-एनसीआर का ट्रैफिक और सुगम होगा। श्री मोदी उद्घाटन अवसर पर जनसमूह को संबोधित भी करेंगे।

---------------------------------------------

**स्कूलः आधार कार्ड**

प्रदेश में स्कूल के बच्चों के आधार कार्ड तैयार करने के लिये स्कूल में ही विशेष अभियान कल से चलाया जायेगा। सरकारी स्कूलों में छात्रों की सुविधा के लिए आधार नामांकन और अपडेट शिविर लगाये जायेंगे। इस अभियान का नाम 'विद्यार्थी के लिए आधार, अब विद्यालय के द्वार' होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने आज बताया कि यह पहल मुख्य रूप से बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट पर केंद्रित है। इसमें उनके आधार में उंगलियों के निशान, आईरिस स्कैन और एक तस्वीर अपडेट करना शामिल है। उन्होंने बताया कि अभियान का पहला चरण प्रदेश के 40 जिलों में एक साथ शुरू होगा।

---

**मुख्यमंत्री जन्माष्टमी**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महर्षि सांदीपनि आश्रम वह पवित्र स्थल है जहां मनुष्य रूपी श्रीकृष्ण की भगवान श्रीकृष्ण बनने की यात्रा प्रारंभ होती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कल उज्जैन में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली श्री सांदीपनि आश्रम पहुंचकर सपत्नीक भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना और अभिषेक किया और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आयोजित आरती में भी शामिल हुए। डॉ. मोहन यादव ने कहा भगवान श्रीकृष्ण यहां विद्या अध्ययन के लिए आए और यहां से योगेश्वर श्रीकृष्ण बनकर निकले।

मुख्यमंत्री ने कहा की प्रदेश में संस्कृति विभाग द्वारा जन्माष्टमी के पर्व पर प्रदेश में 3 हजार मंदिरों में साज सज्जा करवाकर प्रतियोगिता का आयोजन किया है। अच्छी सजावट करने वाले मन्दिर को प्रथम पुरूस्कार में 1.5 लाख रुपये की राशि, द्वितीय पुरूस्कार प्राप्त करने वाले मंदिर को एक लाख की राशि दी जाएगी।

---------------------------------------------

**राज्यपाल**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि राष्ट्रपति पुलिस पदक जैसा प्रतिष्ठित अलंकरण उत्कृष्ट कार्य, अनुकरणीय कर्तव्यबोध और जनसेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रमाण है। राज्यपाल श्री पटेल कल राष्ट्रपति के वीरता पदक, विशिष्ट सेवा पदक, सराहनीय सेवा पदक प्राप्तकर्ता पुलिस अधिकारी- कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी पदक प्राप्तकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी। राज्यपाल श्री पटेल ने पदक प्राप्तकर्ताओं के परिजनों को भी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में सहयोग देने विशेष रूप से धन्यवाद दिया। श्री पटेल ने कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा और पीड़ितों को न्याय दिलाना, पुलिस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। सक्रिय, संवेदनशील और सशक्त पुलिस, स्वस्थ और आदर्श समाज के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनता के लिए पुलिस का अच्छा व्यवहार बहुत मायने रखता है।

---------------------------------------------

**जन्माष्टमी पर्व-1**

प्रदेश में कल देर रात तक जन्माष्टमी पर्व की धूम रही। देर रात तक मंदिरों में आरती और पूजा अर्चा के कार्यक्रम चलते रहे। प्रदेश का मिनी वृन्दावन कहे जाने वाले पन्ना में जन्माष्टमी का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

**पन्ना** जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार,पन्ना विधायक , कलेक्टर सुरेश कुमार ओर पन्ना महाराज छत्रसाल द्वितीय ने चवर डुला कर भगवान की पूजा अर्चा की ओर मत्था टेका।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर जिला जेल **मंडला** में जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। इस उत्सव में प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग मंत्री संपतिया उइके ने सहभागिता की। पुराने शिवपुरी में स्थित कालिया मर्दन मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। **शिवपुरी** के सिद्धेश्वर मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। **डिडोरी** श्री राधाकृष्ण मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। **उज्जैन** के प्रमुख गोपाल मंदिर, इस्कॉन मंदिर, श्रीकृष्ण मित्रविंदा मंदिर, सांदीपनि आश्रम सहित अन्य भगवान कृष्ण के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया।

---------------------------------------------

**भाजपा संसदीय बोर्ड**

भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक आज नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होने की उम्मीद है। पार्टी के सभी संसदीय बोर्ड सदस्य इस बैठक में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उपराष्ट्रपति चुनाव के उम्मीदवार पर भी चर्चा होने की संभावना है। इस महीने की 6 तारीख को, सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के नेताओं ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए NDA के उम्मीदवार को अंतिम रूप देने के लिए अधिकृत किया गया था। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन गुरुवार तक दाखिल किए जा सकते हैं। चुनाव अगले महीने की 9

तारीख को होगा। श्री जगदीप धनकड़ के इस्तीफे के कारण यह चुनाव आवश्यक हो गया है।

---------------------------------------------

**केनो चैम्पियनशिप**

चीन के ज़ियासी, गुइझोउ में 14 से 17 अगस्त तक आयोजित एशियन केनो स्लालम चैम्पियनशिप में मध्यप्रदेश की महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया है। महिला टीम इवेंट वर्ग में मध्यप्रदेश की खिलाड़ी शिखा चौहान, पल्लवी जगताप और रीना सेन ने बेहतरीन तालमेल, संतुलन और तकनीकी कौशल का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। पदक विजेता खिलाडियों में खेल अकादमी की शिखा, पल्लवी और रीना सेन मध्यप्रदेश की खिलाड़ी है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इनकी उपलब्धि ने प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है।

---------------------------------------------

**मौसम**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने 6 जिलो बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौर और पांढूना में भारी बारिश की चेतावनी दी है। इस बीच पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा 14 सेंटीमीटर बारिश रतलाम जिले के सेलाना मे हुई। वहीं, 14 अन्य जिलों में भी भारी बारिश की संभावना जताई गई है। विभाग का अनुमान है कि 18 अगस्त तक प्रदेशभर में तेज बारिश होती रहेगी।

---------------------------------------------

## इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 47 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मेक इन इंडिया की सफलता के कारण पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 31 अरब डॉलर से बढ़कर 133 अरब डॉलर हो गया है।

--------------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इंदौर जिले में स्थित भगवान परशुराम की जन्मस्थली जनापाव में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व कार्यक्रम में शामिल हुए।
- उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कल मउगंज जिले के हनुमना में 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले चिकित्सालय भवन का भूमि-पूजन किया।
- इंदौर जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह ने जिले के 42 तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश जारी किए हैं।
- दमोह जिले में कल वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की जय पर तिरंगा यात्रा निकाली गई और रानी अवंती बाई की शौर्य गाथा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।
- रायसेन जिला भाजपा कार्यालय में कल भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

--------------------------------------------